## जम्बूरी में भाग लेने वाला दल रवाना

**भरतपुर** (निस)। भारत स्काउट व गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में 18वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी 4 जनवरी से 10 जनवरी 2023 तक ब्राहम्णान रोहट जिला पाली राजस्थान में आयोजित हो रही है। जिसमें भरतपुर जिले से भाग लेने वाले लगभग 300 स्काउट गाइड एवं 20 स्काउटर गाइडर (अध्यापक/अध्यापिका) को चयनित किया गया है, जो कि 18वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी में आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिनमें से 15 स्काउट गाइड पैट्रोल लगभग 150 स्काउट गाइड को मंगलवार को संयुक्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा साहब सिह व जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक आरडी बंसल ने बस को हरी झण्डी दिखाकर 18वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी ब्राहम्णान रोहट, पाली राजस्थान के लिए रवाना किया। इस मौके पर सी.ओ. स्काउट राजेन्द्र प्रसाद मीणा, स्काउटर राजीव मीणा, शिव सिंह, पूरन सिंह, मुरारी लाल शर्मा, यादराम गुर्जर, सहदेव मीणा, सी.ओ. गाइड निरमा मीणा, नीलम महावर आदि उपस्थित रहे।

# पेपर लीक मामले में छात्रों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**करौली** (नि.स.)। करौली राजकीय महाविद्यालय के छात्र नेताओं ने कलेक्ट्रेट सर्किल पर प्रदर्शन कर आरपीएससी द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा सेकंड ग्रेड के सभी पेपर रद्द कर पुनः परीक्षा आयोजित कराने की मांग की।

छात्र नेता धर्म मीणा के नेतृत्व में राजपाल नीमरोठ,रविंद्र जेरिया,राजन,सचिन,सतीश सिंह, बीकेश गुरदह,नरेश सैनी,एसके बैंसला सहित कई अन्य छात्रों ने कलेक्ट्रेट सर्किल पर आरपीएससी द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा सेकंड ग्रेड के सभी पेपर रद्द कर उन्हें फिर से परीक्षा आयोजित कराने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से बताया की हाल ही में राजस्थान में राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा आयोजित करवाई है। जिसके लगभग सभी पेपर परीक्षा से पहले ही कई अभ्यर्थियों तक पहुँच गये थे। जिससे प्रदेश में सैकेंड ग्रेड अध्यापक भती के पेपर लीक हुए है। राजस्थान सरकार जिस पेपर को रद्द मान रही है वो हजारो- हजारों अभ्यार्थियों के पास पहुँचा है। लेकिन सीमित लोगों के पास तो सभी पेपर पहुंचे है।प्रदेश में पिछले सालों से कई प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके है।एक गरीब मजदूर किसान का बेटा सरकारी नौकरी की आस में पिछले 4-5 सालों से अच्छी मेहनत करता है। रात दिन पढ़ाई करके कडी मेहनत करता है लेकिन ऐन वक्त पर पेपर लीक होता है तो इनके साथ साथ इनके माँ बाप की आत्मा कितनी दुखती होगी। उन्होने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि प्रदेश में सक्रिय पेपर लीक गैंग को कडी से कडी सजा देकर आरपीएससी द्वारा आयोजित करवाई गई वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा सैकेंड ग्रेड के सभी पेपरों को फिर से करवाया जाये।



करौली कलेक्ट्रेट सर्किल पर पुन:परीक्षा कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते छात्र।

## अपना घर में प्रभुजी कैफेटेरिया शुरु

**भरतपुर** (निस)। अपना घर आश्रम भरतपुर में निराश्रित आवासीयों की खुशहाली स्वाद एवं सेवा के लिए प्रभुजी कैफेटेरिया का निर्माण कराया गया है। जिसमें प्रतिदिन आवासीयों की ईच्छानुसार व्यंजन बनाये जायेंगे। जो वे चाहेंगे इडली, डोसा, पाव भाजी, जलेबी, इमरती, पॉपकॉर्न, कचौडी, सैंडविच ब्रेड पकौड़ा, आईसक्रीम के अलावा सभी प्रकार के मिष्ठान प्रभुजनों को उपलब्ध कराये जायेंगे। इसमें प्रत्येक आवासीय को महीने में दो बार उनकी स्वरूचि ईच्छानुसार उक्त व्यंजन एवं मिष्ठान उपलब्ध कराने की व्यवस्था रहेगी। इससे आवासीय को स्वरूचि पूर्ण आईटम की प्राप्ति तो होगी ही साथ ही जीवन के प्रति उनमें नयी उमंग का संचार भी होगा। जिससे उनका मन एवं स्वभाव सही रहेगा तथा मनोवैज्ञानिक को के दृष्टिकोण से भी उनके शीघ्र स्वस्थ्य होने की भी संभावना अत्यधिक बढ जायेगी। यह किसी भी संस्थान में आवासीयों के लिए अपनी तरह की पहली व्यवस्था है। जो कि 2500 वर्गफुट क्षेत्रफल में निर्मित है। आज से इस कैफेटेरिया से सेवाऐं प्रारम्भ कर दी गयी हैं। जिसमें अन्तर्गत मंगलवार को आवासीयों ने हलुआ आदि व्यंजनों का आनन्द लिया।

## सार-समाचार

### कोहरे से बदली दिनचर्या

**वैर** (निस)। पहाड़ों पर हो रही रही बर्फबारी का असर कस्बा में भी दिखाई दिया। सुबह कोहरा पडने से विजिबिलिटी बहुत कम रही जिससे वाहनों के आवागमन में व्यवधान पड़ा वाहन धीमी गति से लाइट जलाते हुए चलने को मजबूर हुए। लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई लोग देर तक घरों से बाहर नहीं निकले। ठंडी हवाएं चलने से ठिठुरन बढ़ गई। सुबह 10:00 बजे बाद ही सूर्य नारायण के दर्शन हुए तथा उसके बाद दिनभर तेज धूप रही जिससे लोगों को राहत मिली।

### ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई

**सवाई माधोपुर** (निस)। खेरदा स्थित मधुबन कॉलोनी में मंसापूर्ण बालाजी प्रांगण में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन आचार्य पंडित शिव प्रसाद गौत्तम ने ध्रुव चरित्र प्रथो अवतार, ऋषभदेव अवतार, नरसिंह अवतार, जड़ भरत अवतार की कथा का वर्णन किया। आचार्य ने भगवान की भक्ति का वर्णन करते हुए कहा कि जहां अभिमान वहाँ होती है आसक्ति, जहाँ भगवान वहाँ होती है भक्ति इसलिए भगवान की भक्ति मन से करनी चाइये। जीवन में अभिमान को त्याग देना चाहिए। मधुबन कॉलोनी मण्डल के निवासियों द्वारा यह आयोजन करवाया जा रहा है। कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ रविवार को हुआ था।

### एंबुलेंस को रवाना किया

**करौली** (नि.स.) चिरंजीवी एंबुलेंस को जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह और सीएमएचओ डॉ. दिनेश चंद मीणा ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गौरतलब है कि जिले को 6 स्थानों हेतु चिरंजीवी एंबुलेंस प्राप्त हुई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश चंद मीणा ने बताया कि जिले को करौली,हिण्डौन,टोडाभीम,नादौती,मण्डरायल और हाडौती की लोकेशन हेतु चिरंजीवी एंबुलेंस प्राप्त हुई है।जिन्हें पिछले दिनों मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पण समारोह संपन्न होने के बाद जिले को आवंटित किया गया।

# डॉक्टर की लापरवाही से महिला की मौत का आरोप

**धौलपुर** (निस)। मुरैना जिले के निवासी रॉकी गोयल ने बाड़ी के कुछ लोगों के साथ आज मंगलवार को धौलपुर जिला कलेक्टर अनिल कुमार अठावाल को ज्ञापन सौंपा। जिसमें धौलपुर शहर के डॉक्टर ब्रजमोहन मंगल पर उसकी बहन शिल्पी मित्तल का गलत और लापरवाही पूर्वक ऑपरेशन करने से मौत होने का आरोप लगाया है। साथ ही डॉक्टर एवं उसके स्टाफ के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया है कि उसकी बहन शिल्पी का विवाह 4 फरवरी 2016 को धौलपुर जिले के बाड़ी निवासी धीरज मित्तल पुत्र प्रजा नाथ मित्तल के साथ संपन्न हुआ था। वही 30 अक्टूबर 2022 को मेरी बहन शिल्पी के गर्भवती होने पर डिलीवरी के लिए बस स्टैंड धौलपुर के पास स्थित डॉक्टर बृजमोहन मंगल को दिखाया। डॉक्टर ने रिपोर्ट देखने के बाद मेरी बहन को अस्पताल में भर्ती कर लिया। डॉक्टर मंगल ने ऑपरेशन से पहले किसी विशेषज्ञ चिकित्सक को बुलाए बिना और बिना किसी जांच के मेरी बहन का ऑपरेशन कर दिया। डॉक्टर मंगल ने स्वयं बेहोश करने के लिए बहन की रीड की हड्डी में इंजेक्शन लगाया जिसके बाद बहन के बच्चा हुआ और इंजेक्शन के कारण मेरी बहन अचेत अवस्था में चली गई। जब उसे होश आया तो घबराहट होने लगी। जिसे लेकर स्टाफ व डॉक्टर को बुलाया लेकिन उन्होंने इसका कारण कमजोरी बताया। इसके बाद लगातार मेरी बहन की तबीयत बिगड़ती गई। इसके बाद डॉक्टर मंगल ने आगरा में रवि हॉस्पिटल ले जाने की सलाह दी और वहां के डॉक्टर से फोन पर भी बात की। इसके बाद सभी परिवार के लोग शिल्पी को लेकर आगरा पहुंचे, जहां जांच करने के बाद डॉक्टर ने बताया कि शिल्पी के महत्वपूर्ण अंगों ने काम करना बंद कर दिया।

## राष्ट्रीय जंबूरी के लिए दल रवाना

**करौली** (नि.स.)। एकट बोधग्राम के कार्यक्रम प्रभारी मनोज शर्मा ने बताया की राष्ट्रीय स्काउट जंबूरी के लिए नि:शब्द मूक बधिर विद्यालय के स्काउटर दल को संस्था की कमला चतुर्वेदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उन्होंने बताया की चार साल पहले भी नि:शब्द विद्यालय के बच्चो ने मैसूर में जंबूरी में भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों में सराहनीय प्रदर्शन किया 45 साल बाद इस बार राजस्थान के पाली रोहट में होने बाली जंबूरी में देश भर से 35हजार स्काउट गाइड भाग ले रहे है जिसमे नि:शब्द विद्यालय के 9 बच्चे एवं स्काउट टीचर धर्मेंद्र उपाध्याय सहभागिता करेंगे विद्यालय से दल को रवाना करने के दौरान संस्था के समन्वयक सचिव सत्येन चतुर्वेदी ने शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर संस्था के राजकुमार शर्मा, सुरभि पांडे,अतुल शर्मा,ममता बशवाल,पवन चतुर्वेदी मौजूद रहे।

# कुलपति बलराज सिंह का स्वागत

**कुम्हेर** (निस)। कर्ण नरेन्द्र कृषि विष्वविद्यालय जोबनेर के कुलपति प्रोफेसर बलराज सिंह ने कृशि महाविद्यालय व कृशि अनुसंधान उपकेन्द्र कुम्हेर का 24 दिसम्बर मंगलवार को दौरा किया।

कृषि महाविद्यालय कुम्हेर के डीन डॉ. उदयभान सिंह ने बताया कि प्रोफेसर बलराज सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेती को उच्च तकनीकी से जोडकर लाभकारी बनाना है, खेती के नवाचारों को किसानों तक पहुँचाना हमारी जिम्मेदारी है। खेती में कम्प्यूटर के माध्यम से ऑटोमाइजेषन, संरक्षित खेती, माइक्रोईर्टीगेषन, लो-टनल, सब्जियों में ग्राफ्टिंग द्वारा बीमारी नियंत्रण व पोस्ट हार्वेस्ट तकनीक का जमाना है। इन तकनीकों को अपनाने से युवाओं को रोजगार के अवसर बढेंगे तथा खेती में नयी क्रान्ति आयेगी। डॉ. बलराज सिंह ने प्रयोगशाला में विद्यार्थियों द्वारा बनाये जा रहे ट्राइकोडर्मा का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि ट्राइकोडर्मा से बिना रासायनिक दवाईयों के मृदा व बीज जनित बीमारियों की रोकथाम की जा सकती है।

डॉ. बलराज सिंह ने कृशि अनुसंधान उपकेन्द्र व कृशि महाविद्यालय कुम्हेर के बीजोत्पादन कार्यक्रम का अवलोकन करते हुए कहा कि बीज फलोत्पादन का आधार है, यदि किसान को गुणवत्तापूर्ण बीज व कृशि आदान सही समय पर मिल जाय तो आम किसान के लिए राहत मिलेगी व फसलोत्पादन में वृद्धि होगी। प्रोफेसर बलराज सिंह के आगमन पर कृशि महाविद्यालय कुम्हेर पर डीन डॉ. उदयभान सिंह, फार्म मैनेजर रमाकान्त गुप्ता, समस्त विद्यार्थी व स्टाफ द्वारा माल्यापर्ण कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा कनुप्रिया शर्मा व मनीष प्रजापत ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## प्रतिभाशाली छात्र सम्मानित

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। शहर के गांधी एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के परिसर में बड़े हर्षोल्लास के साथ शीतकालीन समारोह में प्रतिभाशाली छात्र- छात्राओं को अंग्रेजी की डिक्शनरी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सजीव झांकियां सजाई।

विद्यालय के निदेशक धीरेंद्र चौधरी व राधा चौधरी ने अर्धवार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले मेधावी प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए पारितोषिक वितरण करते हुए आगामी परीक्षाओं में विद्यार्थियों को अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सत्यप्रकाश शर्मा, प्रियंका दिक्षित, उप प्रधानाचार्य विष्णु सहारिया, अवधेश सोनी, अंकित, रोहित, विष्णु सैन, प्रीति राजपूत, अंजलि, राजकुमारी, दिव्या, सविता, शराफत अली, भानु प्रताप, राधा बैनीवाल, रितु, पूजा, राघव, केशव व श्वेता आदि उपस्थित थे।

# कवियों ने गोष्ठी में अपनी रचनाएं प्रस्तुत की

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान जन सांस्कतिक परिषद के तत्वावधान में सूरजमल बलिदान दिवस पर एक काव्य गोष्ठी का आयोजन स्वास्थ्य मंदिर में किया गया। जिसकी अध्यक्षता वेद प्रकाश वेद प्रान्तीय अध्यक्ष ने की तथा मुख्य अतिथि सुनील प्रधान एवं विशिष्ट अतिथि रामवीर वर्मा इतिहासकार ने की। संचालन रेणुदीप गौड ने किया।

सर्वप्रथम माँ शारदे के चित्र पर माल्र्यापण एवं दीप प्रज्जवलित किया तथा सुशील शर्मा ने सरस्वती वंदना की एवं राजेन्द्र अनुरागी ने प्रीत जगे तन मन, जन जन में गवे अब मन के मीत, राष्ट्र एकताकी भावना से भावना से ही सदा होती है सत्य की जीत, डॉ. शैलेष तिवारी - दरवाजों की जगह अब घर में रोशनदान हो गये, नेकराम नेक ने - कवि वही जो न भरे किसी की चिलम, छीतर सिंह ने - मात प्रतिज्ञा है मेरी पूरी कर दिखला दूँगा। डॉ. सुरेश चतुर्वेदी ने -रक्षा करी धर्म की जिनने, फैला उनका यचहां सुयश है, अमर सिंह विद्रोही ने - नया साल का नया सेवरा नई उर्जा देता है, सुशील शर्मा ने आने वाले साल जरा कुछ काम तो करना, सुरेश सुनार ने मात पिता के चरणों में ही सच होते हैं चारों धाम, हरिओम हरि ने अपना अपना करके केवल अपने कुल की शान बनोगे, डॉ. लोकेश नीरज ने धूप के अंगल में तपती रेल पर चलता गया, डॉ. अशोक गुप्ता ने राष्टो मंदिर की बने हम नींव यही कामना, डॉ. संतोष गुप्ता ने 'जी हॉ मैं एक शिक्षक हूँ संस्कृति की रक्षक हूँ, शिक्षा मेरा कर्म, सच्चाई मेरा धर्म है, लोकेश सिंघल ने छोटो सौ मौहल्ला मेरो विग बाजार हतौ, रेणुदीप ने छांव ढूंढ और गांव चैन मेरा खो जाये, श्याम सिंह जघीना ने पिता की महत्वता पर प्रकाश डाला। अन्त में वेद प्रकाश देव ने पीडा में तप तप कर हमने तन मन को कुन्दन कर डाला।

## छात्रों का दल ट्रेनिंग के लिए रवाना

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। कटकड़ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रतन जिला में व्यावसायिक शिक्षा योजनांतर्गत ऑन जॉब ट्रेनिंग के लिए विद्यार्थियों के दल को प्रधानाचार्य रामनिवास मीणा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। राजकीय सीनियर विद्यालय रतन जिला के प्रधानाचार्य रामनिवास मीणा ने बताया कि व्याख्याता मिथलेश मीना, हरि सिंह, ओम प्रकाश मीना, नितेष कुमार व भाग्य मल पवार के नेतृत्व में ऑन जॉब ट्रेनिंग के लिए कक्षा 11 व 12 के इलेक्ट्रिकल ऑटोमोबाइल ट्रेड के 160 विद्यार्थियों का व्यवसायिक भ्रमण दल रवाना किया। यह दल हिंडौन सिटी स्थित हुंडई मोटर्स व औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र व आरएससीआईटी कंप्यूटर ट्रेनिंग व्यावसायिक कौशल प्राप्त करेंगे। व्यवसायिक शिक्षा प्रभारी मिथलेश मीणा ने बताया कि शीतकालीन अवकाश में आयोजित 10 दिवसीय टेनिंग कुल 80 घंटों की होगी।

जिसमें विद्यार्थी इलेक्ट्रिकल में ऑटोमोबाइल से संबंधित इलेक्ट्रॉनिक यंत्रों में मोटर कार रिपेयर के कौशल की दक्षता प्राप्त करेंगे।

# सपनों का गांव बनाने के लिये ग्राम पंचायत में सुझाव रखें : कलेक्टर

**करौली** (नि.स.)। बाल हितैषी पंचायत बनाने के उददेश्य से मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय प्रांगण मे सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण करने के उददेश्य से बाल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने अपने संबोधन मे कहा कि रोटी,कपडा,मकान, बिजली, पानी, सडक यह सभी की मूलभूत आवश्यकताऐं है। बच्चों ने अपने अपने सपने पेंटिंग के माध्यम से चित्र उकेरकर जो उन्होने सौंपे है इससे आदर्श गांव बनाने के लिये जैसे बच्चे सपने देखते है उन विचारो को बाल सभा के माध्यम से ग्राम पंचायत में उस प्लान को रखें बच्चों की आवश्यकताओं को समझने के लिये बाल संवाद कार्यक्रम आयोजित करें इसके लिये हर बच्चें की सहभागिता होगी तो गांव स्वच्छ एवं आवश्यकतानुसार बनेगा।उन्होंने कहा कि बच्चों को सही मार्गदर्शन मिलेगा तो बच्चे उनकी आवश्यता के अनुसार अपने सपनो के अनुसार जैसे लाईब्रेरी,फिजिकल टेस्ट के लिये खेल मैदान, स्वच्छ वातावरण, स्वच्छ पेयजल के साधन विकसित होंगी। जिले मे 241 ग्राम पंचायतों मे बच्चों के सपने के हिसाब से क्या क्या आवश्यक है उसके लिये जीपीडीपी बनाये तो अच्छे से अच्छा गांव मे क्या कर सकते है उसमे से बच्चों का सपना निकलकर आयेगा।जिला कलेक्टर ने कहा कि बाल सभाओं के माध्यम से वंचित समुदाय तक पहुंचने का प्रयास करें कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नही रहें।बाल सभा मे बच्चों को अवसर प्रदान करते हुए बच्चों की सहभागिता एवं उनकी मांग और सुझावों पर चर्चा करें ताकि ग्राम पंचायत सशक्त पंचायत बन सके।उन्होने कहा कि बच्चो को सुरक्षित रहने के लिये बेसिक बातो पर भी ध्यान देने के लिये जागरूक किया जाये।बाल सभाओं आयोजन से बच्चों की आवाज व विचार सुनने के लिये स्थान व अवसर पैदा होंगे। कार्यक्रम के दौरान यूनिसेफ दिल्ली की यून ही वेन ने कहा कि बच्चे बाल संवाद के तहत अपने अपने सपनों को चित्र के माध्यम से पुकारे और उन्होने जो सपने देखे है उन पर चर्चा करें और अपने सपनों को ग्राम पंचायत मे बताऐं ताकि ग्राम विकास योजना मे बच्चों के सुझावों को सम्मलित किया जा सके।उन्होने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि करौली जिले मे बाल संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया इसमे छात्र छात्राओं उनके माता पिता,एसएचजी की महिलाऐं,आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं सरकारी कर्मचारियों ने भाग लिया वे सभी मिलकर बाल सभा मे जो बच्चें अपने सपने उकेरते है।

उन्हे ग्राम पंचायत स्तर पर बाल हितैषी बनाने मे सहयोग करें ताकि प्रशासन बच्चों को सुरक्षित रखने की भावना से काम करें।उन्होने बताया कि यूनिसेफ के माध्यम से 76 संस्थाऐं भारत मे काम कर रही है एवं 25 राज्यों मे उनके 13 ऑफिस संचालित है उन्होने हर ग्राम पंचायत मे हर 6 माह मे महिला एवं बाल सभा का आयोजन किया जाये।

## 'किसान फसल को सर्दी से बचाऐ'

**करौली** (नि.स.) उपनिदेशक कृषि रामलाल जाट ने बताया कि शीतलहर एवं पाले से सर्दी के मौसम से सभी फसलों को कम व ज्यादा नुकसान होता है रात्रि का तापमान 4 डिग्री सैल्सियस से कम होने के कारण सब्जियों,फलदार बगीचो एवं फसलों में पाला पडने की संभावना है।

उन्होने बताया कि सरसो, चना व जीरा आदि फसलों में सबसे ज्यादा 80 से 90 प्रतिशत जबकि गेहूं और जौ में 10 से 20 प्रतिशत नुकसान होता है। उन्होने बताया है कि किसानों को पाले के प्रभाव से पौधे की पत्तियां एवं फूल झुलसे दिखाई देते है एवं झड जाते है यहा तक कि अर्द्धपके फल सिकुड जाते है उनमें झुर्रिया पड जाती है फल गिर जाते है फलियों एवं बालियों मे दाने नही बनते एवं बन रहे है तो दाने सिकुड जाते है जिससे उपज मे भारी कमी होती है यह पाले के प्रभाव के लक्षण है। उन्होने बताया कि पाले बढने की संभावना का पूर्वानुमान सर्दी के दिनों में जिस दिन दोपहर से पहले ठंडी हवा चलती रहे एवं हवा का तापमान जमाव विन्दु से नीचे गिर जाये आसमान साफ रहे या उस दिन आधी रात के बाद से हवा रूक जावें तो पाला पडने की संभावना रहती है।

# रामनवमी शोभा यात्रा को लेकर चर्चा



बजरंग दल जिला धौलपुर की बैठक पेच वाले हनुमान जी के मंदिर प्रांगण में सह संयोजक राम शर्मा (बीच में) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

**धौलपुर** (निस)। बजरंग दल जिला धौलपुर की बैठक 27 दिसंबर 2022 को पेच वाले हनुमान जी के मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता बजरंग दल जिला सह संयोजक राम शर्मा ने की। मुख्य अतिथि विहिप नगर अध्यक्ष ऋषभ गुप्ता रहे। बैठक की शुरुआत भगवान श्री राम के सामने दीपक प्रज्वलित कर की गई। बैठक में 30 मार्च 2023 को रामनवमी शोभा यात्रा धौलपुर शहर में मंदिरों की गणना के साथ-साथ शहर में निराश्रित गोवंशों की व्यवस्था को लेकर चर्चा हुई। जिला सह संयोजक राम शर्मा ने बताया कि 30 मार्च 2023 को रामनवमी शोभा यात्रा निकाली जाएगी जिसमें शहरी ग्रामीण युवाओं के साथ साथ साधु संतो को जोड़ा जाएगा लेकिन अभी मुख्य मुद्दा निराश्रित गोवंशों की बदहाली का हैं आज गोवंश गली में सड़कों पर सर्दी के मारे और भूखे प्यासे मर रहे हैं हमारी साशन और प्रशासन से इस बारे में पहले भी कई बार बात हो चुकी है लेकिन प्रशासन ने सिवाय आश्वासन के कुछ भी नहीं किया इसलिए आज सभी ने विचार विमर्श कर निष्कर्ष निकाला है कि 3 जनवरी 2023 से जिला कलेक्टर के बाहर सबके साथ क्रमिक अनशन किया जाएगा विहिप नगर अध्यक्ष ऋषभ गुप्ता ने कहा कि आज हिंदू समाज का जातियों में विघटन हो रहा है।

# पी.एन.बी. स्वरोजगार प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र बांटे



पीएनबी के मण्डल प्रमुख राजेन्द्र राठौड (चेयर पर बैठे बाएं से चौथे) की अध्यक्षता में प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया।

**भरतपुर** (निस)। पंजाब नेशनल बैंक द्वारा मण्डल प्रमुख कार्यालय में संचालित पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, भरतपुर में 10 दिवसीय डेयरी फार्मिंग एण्ड वर्मी-कम्पोस्ट निर्माण. प्रषिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया जिसके मुख्य अतिथि पंजाब नैषनल बैंक, मण्डल कार्यालय के मण्डल प्रमुख राजेन्द्र सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। भरतपुर दुग्ध उत्पादन संघ के मैनेजिंग डायरेक्टर विजय कुमार मीणा ने डेयरी संबंधित योजनाओं को बताते हुये ट्रेनीज को सलाह दी कि वह स्वरोजगार में डेयरी/दुग्ध पालन को बढ़ावा देते हुये अपने गॉव में ही डेयरी खोलें। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबन्धक भूपेन्द्र जैन, फैकल्टी अनामिका सिंह भी उपस्थित रहें। अतिथि द्वारा सभी प्रषिक्षणार्थीयों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये साथ ही अतिथि द्वारा प्रषिक्षणार्थीयों को डेयरी संबंधित समस्त ऋण की जानकारी दी गयी साथ ही स्वरोजगार से जुड़ने की अपील की। इस अवसर पर आरसेटी निदेशक द्वारा सभी प्रषिक्षणार्थीयों को बाजार सर्वेक्षण कर अपने उत्पाद की सुलभ उपलब्धता, बिक्री एवं स्वरोजगार षुरू करने हेतु प्रेरित किया गया तथा सामाजिक सुरक्षा योजना की विस्तृत जानकारी दी गयी।

## जेल से फरार बंदी गिरफ्तार

**धौलपुर**। हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहा एक कैदी धौलपुर जेल की खुली जेल से 3 दिसंबर को फरार हो गया था। कैदी के फरार होने की सूचना पर जेल प्रहरी ने कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया गया। कैदी के फरार होने के मामले में कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को फरार कैदी को गिरफ्तार कर लिया। रेल चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने मंगलवार को फरार कैदी को उसके गांव से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया है।

रेल चौकी प्रभारी मोहनलाल मीणा ने बताया कि हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहा कैदी रूप सिंह उम्र 44 साल पुत्र लखरू निवासी सबलगढ़ जिला मुरैना मध्य प्रदेश खुली जेल में रखा गया था। कैदी रूप सिंह को सीकर जिले के रींगस में हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। 18 जून 2018 को आजीवन कारावास की सजा सुनाने के बाद कैदी के आचरण को देखते हुए 8 अक्टूबर 2022 को उसे खुली जेल में ट्रांसफर कर दिया गया। जिसके बाद से वह प्रतिदिन सुबह हाजिरी लगाकर सब्जी बेचने के लिए रेलवे स्टेशन पर जाने लगा।

# हिण्डौन सिटी के कई गांवों में सर्दी में भी पेयजल संकट गहराया



पेयजल संकट से आक्रोशित लोगों ने तहसीलदार महेंद्र मीना (दाएं से पहले) को ज्ञापन सौंप समस्या के निराकरण की मांग की।

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 51 के कई गांवों में सर्दी में भी पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। आक्रोशित लोगों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर जलदाय विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद पेयजल की समस्याओं को लेकर तहसीलदार महेंद्र मीना कोही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो मुख्य राइजिंग लाइन से अन्य क्षेत्रों में हो रही जलापूर्ति ठप कर दिया जाएगा।

नगर परिषद प्रतिपक्ष नेता दिनेश चन्द सैनी ने बताया कि मेहंदीबाडा, खिजुरवाडा, करसौली, बैधवाड़ा, कैमरी वालो का पुरा, सोहनपाल, धुत्तक की ढाणी सहित दर्जनों गांवों व ढाणी में मुख्य राइजिंग लाइन से की जा रही जलापूर्ति पिछले 10 दिनों से बंद है।

पेयजलापूर्ति को लेकर नई पाइप लाइन बिछानी चाहिए, जिससे समस्या का समाधान हो सके। वार्ड 51 में राज्य सरकार की योजना के तहत पेयजल आपूर्ति के लिए 20 सोलर प्लांट नलकूप स्थापित किया गया था। पीएचईडी विभाग द्वारा रख रखाव और देखभाल नहीं करने के कारण सभी प्लांट करीब 3 वर्षों से खराब होकर शो पीस बने हुए है। जिसके चलते पेयजलापूर्ति को लेकर शुरू की गई योजना कारगार नहीं हो पाई। ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर परिषद प्रतिपक्ष नेता दिनेश सैनी के साथ ध्यानसिंह, विष्णु, भूरसिंह सैनी, रामबाबू, हजारी लाल, सियाराम सैनी सहित काफी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

## महोत्सव आयोजित

**करौली** (नि.स.)। करौली वैश्य महिला संगठन की की ओर से पौष बड़ा महोत्सव करौली इन गार्डन में आयोजित किया गया।


**पश्चिम मध्य रेल**

**पे एंड यूज शौचालय की सफाई हेतु ई-नीलामी**

वरि. मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, कोटा मंडल, पश्चिम मध्य रेल ने कोटा मंडल के 7 स्टेशनों पर पे एंड यूज शौचालय की सफाई हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाइट (ई-ऑक्शन) पर प्रकाशित किया गया है। विवरण निम्न प्रकार से है:

| |
|---|
| केटलॉग सं.: Pay and Use-9 |
| अनुबंध का प्रकारः Pay and Use Toilet Cleaning |
| लॉट सं. |
| PnU-KOTA-MKX-Toi-12-22-2 |
| PnU-KOTA-VMA-Toi-15-22-1 |
| PnU-KOTA-DNHK-Toi-6-22-2 |
| PnU-KOTA-SWAR-Toi-8-22-2 |
| PnU-KOTA-KOTA-Toi-9-22-2 |
| PnU-KOTA-BWM-Toi-14-22-2 |
| PnU-KOTA-BXN-Toi-20-22-1 |
| अनुबंध की अवधिः 3 वर्ष |
| ई-नीलामी की तिथि और समयः सभी लॉट के लिए ई-नीलामी 11.01.2023 को 12.00 बजे शुरु होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मोडयूल पर लॉट वाइज समापन समय देखा जा सकता है। |

कोरोना से बनाना है दूरी तो वेक्सीन लगवाना है जरुरी।

## गौकशी के विरोध में दिया ज्ञापन

**गंगापुर सिटी** । नगर परिषद के डंपिंग यार्ड में गत दिनो हुई गौ कशी की घटना के शेष आरोपियो को गिरफ्तार नहीं करने एवं लीपापोती करने वाले अधिकारियो के खिलाफ कार्रवाही नहीं होने लोगो में भारी आक्रोश है।

हाड कपा देने वाली इस भीषण ठण्ड में भी गौ भक्त न्याय मांगते हुए मिनी सचिवालय के सामने क्रमिक अनशन पर रात दिन बैठे हुए है और प्रशासन अब भी मामले को दवाने में लगा हुआ है।

जैन समाज में भी गौकशी की घटना को लेकर भारी आक्रोश है। उन्होने गौ सेवा संघर्ष समिति को अपना समर्थन देते हुए दोषियो को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम नरेन्द्र कुमार मीना को ज्ञापन सौपा एवं सरकार के खिलाफ नारेवाजी की। धरने पर बैठने वालो में गोविन्द नारायण शर्मा, सुरेश सैगर, देवी सिंह योगी, महावीर राय, सुरेश गुर्जर, नागेश लोढी, बिट्टू खेडापति, सनी गुप्ता, मदनमोहन गुप्ता, संरक्षक मदनमोहन आर्य, अनुज राजपूत, नरसी भगत, भानू पारीक, सोनू बैरवा, सचिन यदुवंशी आदि एवं ज्ञापन देने वालो में डा मनोज जैन, विमल गोधा सहित सैकडो महिला व पुरूष मोजूद थे।

# 'भगवद् गीता आज भी मानव को सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है'



गंगापुर सिटी में गीता प्रतिष्ठानम के रजत जयन्ती समारोह में गीता मर्मज्ञ धर्म पर संत रंगनाथ आचार्य ( माइप पकड़े ) ने चर्चा की ।

**गंगापुर सिटी** । विश्व गीता प्रतिष्ठानम राजस्थान प्रांत के तत्वाधान में बाईपास स्थित पर्ल होटल में तीन दिवसीय अखिल भारतीय गीता महोत्सव रजत जयन्ती समारोह का आयोजन किया गया। जिसका समापन मंगलवार को अवंतिका पीठाधिश्वर स्वामी रंगनाथ आचार्य द्वारा किया गया।

इस समारोह में देश के कोने कोने से आए विद्धानो एंव संत जनो ने भाग लिया। इस आयोजन में गीता पाठ, योग पर प्रवचन, गीता सार, गीता के सिद्धांतो पर अनेक विधवानो ने प्रकाश डाला और उसे अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वाहन किया।

विद्धानो कहा कि गीता का प्रचार प्रसार का अर्थ है विश्व कल्याण में मानव धर्म की स्थापना, गीता अपने कर्त्तव्य का बोध कराती है। कुमार्ग को छुडवा कर सुमार्ग पर चलना सिखाती है। उन्होने कहा कि गीता का आज भी मानव जीवन में विशेष महत्व है। भगवान कृष्ण ने गीता का उपदेश दे कर अर्जुन के सांसारिक मोह को दूर किया और उन्हे अपने कर्त्तव्य पथ पर आगे बढाया। बिना फल की चिंता किए सतत कर्म करते रहने का गीता उपदेश देती है। इस समारोह में डा शालिनी सक्सेना, डा सीपी गुप्ता, डा आरसी वर्मा, डा बृजेन्द्र सिंह गुर्जर, पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, सभापति शिवरतन गुप्ता, प्रो॰ रामकेश आदिवासी, डा भवानी शंकर शर्मा, प्रो॰ राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, डा नवनीत शर्मा, डा हेमलता शर्मा, डा सरिता बंसल, डा लखन लाल शर्मा, डा मनोज जैन, हेमन्त शर्मा, डा बाबू लाल मीना, डा जवाहर लाल द्विवेदी, डा विष्णु नारायण तिवाडी, डा विष्णु शर्मा सहित सैकडो देश प्रदेश के विद्धान मोजूद थे।

## सर्राफ की दुकान में चोरी

**जुरहरा** (निस)। कस्बे के चोपड़ा बाजार स्थित स्थानीय सर्राफा व्यापार संघ व जुरहरा जैन समाज के अध्यक्ष महेंद्र कुमार जैन की ज्वेलरी की दुकान की शटर व चैनल गेट को तोड़कर 6 की संख्या में आए चोर दुकान से करीब 95 किलो चांदी के जेवरात व करीब 450 ग्राम सोने के जेवरातों को पोटलियों में भरकर चुरा ले गए।

घटना की जानकारी दुकान मालिक को सुबह करीब 6 बजे मिली जिसके बाद सैकड़ों की संख्या में व्यापारी व कस्बे वासी मौके पर एकत्रित हो गए। चोरी की इतनी बडी घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची। जुरहरा थाना पुलिस ने पीड़ित से चोरी की घटना के बारे में जानकारी ली व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी देखा। वहीं चोरों के शटर तोड़ने व चैनल गेट को तोड़े जाने, जेवरात को पोटलियों में भरकर ले जाने की पूरी वारदात पास की ही दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई।

चोरी की उक्त वारदात की सूचना कस्बे में आग की तरह फैल गई जिस पर कस्बे के व्यापारियों ने चोरी के विरोध में अपनी दुकानें नहीं खोली। चोरी की घटना के विरोध में जुरहरा के सभी बाजार पूरी तरह बंद रहे।

### सार-समाचार

## युवक ने खुद को गोली मारी



**धौलपुर** (निस)। प्रेम प्रसंग के चलते एक शादीशुदा युवक ने मंगलवार दोपहर खुद को गोली मार ली। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिस पर युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार धौलपुर जिले के बसईडांग थाना इलाके के बरीपुरा गांव के रहने वाले युवक गजराज (28) पुत्र रामजीलाल जाटव ने खुद के पेट में गोली मारी है। जिसका कारण प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है। हालांकि युवक शादीशुदा है। बताया गया है कि जिस समय युवक ने घटना को अंजाम दिया उस समय उसकी पत्नी मायके गई हुई थी। घायल युवक को परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल धौलपुर लेकर आए, जहां युवक ने गोली मारने का कारण प्यार में हार जाना बताया। बताया जा रहा है कि युवक की शादी करीब 1 वर्ष पूर्व हुई थी। युवक के नशे का आदी होने की वजह से करीब 2 माह पूर्व उसकी पत्नी मायके चली गई।

## आज जायेगी करणपुर धाम बस यात्रा

**गंगापुर सिटी** । मां गुमानो बीजासणी सेवा समिति के तत्वाधान में पौष शुक्ल छठ 28 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे उदेई मोड स्थित नई थोक फल सब्जी मण्डी से करणपुर धाम के लिए बसयात्रा प्रस्थान करेगी। समिति अध्यक्ष दिनेश धौलेटा ने माता रानी के सभी भक्तो से बस यात्रा में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने का आव्हान किया है।

# गंगापुर सिटी में ट्रेन से गिरने पर युवक की मौत

**गंगापुर सिटी** । दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से गिरने के कारण 1 व्यक्ति की मौत हो गई। दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक पर लालपुर उमरी रेलवे स्टेशन और नारायणपुर टटवाडा स्टेशन के बीच अज्ञात व्यक्ति का शव पडा मिला। मामले की सूचना पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया और गंगापुर अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। फिलहाल जीआरपी मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रही है। जीआरपी एएसआई जगदीश मीणा ने बताया कि रेलवे के गैंग मैन प्रहलाद ने पटरियों के बीच एक व्यक्ति का शव पडा होने की सूचना स्टेशन मास्टर को दी। प्रहलाद ने स्टेशन मास्टर को बताया कि अप रेलवे लाइन पर किलोमीटर नंबर 1॰76/15-17 के बीच में एक व्यक्ति का शव पडा है। इस पर स्टेशन मास्टर ने पुलिस को सूचना दी। जीआरपी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और मॉर्च्युरी में रखवाया। एएसआई ने बताया कि मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। मृतक की उम्र करीब 25 साल, रंग सांवला, शरीर दुबला पतला है। उसने शरीर पर काली हाफ बाजू की टी-शर्ट और ग्रे कलर का पजामा पहना हुआ है।

इसके अलावा समीवर्ती गहलोत नगर गांव में करंट लगने से एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। महिला का परिजन गंभीर हालत में गंगापुर सरकारी अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक महिला का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। महिला के पडोसी हाकिम सिंह गुर्जर ने बताया कि उसके पडोस में लक्ष्मी देवी (21) पत्नी मुनेश कोली ने मंगलवार सुबह 5 बजे छाछ बनाने के लिए मशीन को चालू किया था। इसी दौरान हाई वोल्टेज आने के बाद वायर में आग लग गई ।

## गोष्ठी में समाज सुधार के प्रस्ताव रखे

**भरतपुर** (निस)। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय अधिवेशन पंचकुला (हरियाणा) में राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मिततल के सानिध्य में एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील गुप्ता सांसद की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

राजेन्द्र गोयल ने बताया कि इस दो दिवसीय अधिवेशन में पूरे देश के कोने-कोने से पधारे राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों ने राष्ट्र हित एवं समाज सुधार के प्रस्ताव रखे गये। उन प्रस्तावों पर मंथन करके सकारात्मक हल निकाला गया। राजेन्द्र गोयल ने बताया कि समारोह में महाराजा अग्रसेन एवं माता लक्ष्मी का पंच नदियों के जल से अभिषेक गीता मनस्वी ज्ञानानंद महाराज के सानिध्य में किया गया। समारोह में सुभाष चंद्रा सांसद, पूर्व केन्द्रीय संतोष भगौरिया, दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष रामनिवास गोयल, प्रसिद्ध पत्रकार वेदप्रताप वेदिक के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

# अवकाश के दिनों में भी चल रहे है स्कूल

**करौली** (नि.स.) । शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार द्वारा भले ही इन दिनों 25 दिसंबर से पूरे राज्य के विद्यालयो में राजकीय अवकाश घोषित कर रखा हो लेकिन यहां जिला मुख्यालय पर निजी विद्यालय संचालकों की मनमानी के चलते और शिक्षा विभाग एवं प्रशासन की अनदेखी के चलते शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार के आदेशों को धत्ता बताते हुए भीषण सर्दी के दौर में निजी विद्यालय संचालित है जिससे इस भीषण सर्दी के दौर में भी नन्ने बालकों को स्कूल जाना पड रहा है।

हर वर्ष की भांति शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार द्वारा इस वर्ष भी 25 दिसंबर से 2 जनवरी 2023 तक शीतकालीन अवकाश घोषित कर रखा हो लेकिन यहां जिला मुख्यालय पर निजी विद्यालय संचालकों की इतनी मनमानी है कि शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार के आदेशों की भी अनदेखी कर इस भीषण सर्दी के दौर में निजी विद्यालय संचालित कर रखे हैं। जबकि सरकारी विद्यालय नियमानुसार शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार की घोषित शीतकालीन अवकाश का पालन कर रहे हैं। गंभीरजनक बात तो यह है कि जिला मुख्यालय पर शिक्षा विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी और जिला प्रशासन के जिला स्तरीय अधिकारी बैठे हुए हैं उसके उपरांत भी निजी विद्यालय संचालक बेखौफ होकर इस भीषण सर्दी के दौर में शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार के घोषित शीतकालीन अवकाश की अनदेखी कर अपनी मनमानी से निजी विद्यालय संचालित कर रहे हैं जिनके संचालित होने से इस भीषण सर्दी के दौर में नन्हे नन्हे बालक सरकार की घोषित अवकाश के उपरांत भी विद्यालय आने के लिए विवश होना पड रहा है। भीषण कोहरे के बीच कपकपाती सर्दी के बीच प्रातः ही निजी विद्यालयो के नन्हे नन्हे बालकों को विद्यालय जाते हुए कैमरा में संवाददाता ने कैद किया ।

## अलाव के सहारे लोग

**गंगापुर सिटी** । उपखण्ड मुख्यालय सहित आसपास के इलाके में कडाके की ठंड ने लोगों की कंपकंपी छुडा दी है। इलाके में मंगलवार को इस सीजन में पहली बार कोहरा छाया नजर आया। कोहरे के कारण 5॰ मीटर की दूरी पर भी कुछ नजर नहीं आ रहा था। सुबह के समय चली सर्द हवाओं के कारण ठिठुरन ज्यादा बढ गई थी। शहर में जगह-जगह अलाव जलाकर लोग तपते नजर आए।

गंगापुर सिटी समेत आसपास के इलाके में पिछले चार-पांच दिनों से मौसम में बदलाव आया था और सर्द हवाएं चलने लगी थी, जिससे तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की गई थी। मंगलवार की सुबह सर्दी के तेवर तीखे थे। सुबह जब लोगों की आंख खुली तो बाहर घना कोहरा छाया नजर आया। सुबह 9 बजे तक करीब 5॰ मीटर की दूरी पर भी लोगों को कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। अन्य दिनों में यहां न्यूनतम तापमान 12 डिग्री दर्ज किया जा रहा था ।

# कोरोना की तैयारियों को लेकर मॉक ड्रिल

■ मॉक ड्रिल में अधिकतर व्यवस्थाएं दुरुस्त मिली

**करौली** (नि.स.)। कोरोना के बढ़ते केसो को लेकर सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के तहत मंगलवार को जिला मुख्यालय पर तैयारियों को जांच कराने के लिए मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल में अधिकतर व्यवस्थाएं दुरुस्त मिली। इस दौरान हॉस्पिटल में वेंटिलेटर, आईसीयू वार्ड, ऑक्सीजन प्लांट का परीक्षण किया गया। हॉस्पिटल में लगे चारों ऑक्सीजन प्लांट को चला कर देखा गया। साथ ही ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, ऑक्सीजन लाइन, उपकरण व अन्य व्यवस्थाओं का भी सीएमएचओ डॉ. दिनेश मीणा, पीएमओ डॉ. दिनेश गुप्ता,डिप्टी कंट्रोलर आशीष शुक्ला ने जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सामान्य चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश गुप्ता ने बताया कि जिला चिकित्सालय एवं नवीन जिला चिकित्सालय भवन में चार ऑक्सीजन प्लांट है। चारों ऑक्सीजन प्लांट को चला कर देखा गया और ऑक्सीजन उत्पादन क्षमता का परीक्षण किया। साथ ही दोनों हॉस्पिटल में 25 वेंटिलेटर, 30 आईसीयू बैड तैयार किया गए है। वार्डो का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। पीएमओ ने बताया कि करौली हॉस्पिटल में 53 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर,110 बड़े सिलेंडर डी टाइप तथा 86 छोटे बी टाइप ऑक्सीजन सिलेंडर है। हॉस्पिटल में आने वाले रोगी और उनके परिजनों के रैंडम 100 से अधिक सैंपल प्रतिदिन लिए जा रहे हैं। साथ ही जिला चिकित्सालय की आरटी पीसीआर लैब और सैंपलिंग की व्यवस्थाओं को देखकर आवश्यकता अनुसार तैयारियां करने पर जोर दिया।

## समारोह 21 फरवरी को

**भरतपुर** (निस)। सेवा भारती समिति के तत्वाधान में श्रीराम जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन प्रतिवर्श की भांति फुलैरा दौज के दिन 21 फरवरी मंगलवार को होगा। सेवा भारती समिति की गुरूवार को जिला अध्यक्ष अशोक सोनी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से सामूहिक विवाह करने का निर्णय लिया गया। समारोह के संयोजक रिशभ बंसल ने बताया कि विवाह समारोह का बढता खर्चीला दिखावा चिंता का विशय होने के कारण सेवा भारती समिति के द्वारा 2014 से सामूहिक विवाह सम्मेलन की षुरूआत की थी। अब तक 7 सामूहिक विवाह सम्मेलन में 13 से अधिक जातियों की 35 कन्याओं का विवाह सम्पन्न कराया जा चुका है। सम्मेलन में 13 से अधिक जातियों की 95 कन्याओं का विवाह कराया जा चुका है। बैठक में सेवा भारती के प्रान्त अध्यक्ष संजय अग्रवाल, संघ के विभाग संघचालक भागीरथ सिंह, योगेष सर्राफ, राहुल खण्डेलवाल, अशोक जिन्दल, राजेष गुप्ता, मनीश गर्ग, राहुल गर्ग, अजय गर्ग, रवि बंसल, धर्मेन्द्र पठानिया आदि बडी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़चढ़ कर लिया भाग

**भरतपुर** (निस)। विवेकानन्द पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल, आर्य समाज रोड पर 27 दिसम्बर मंगलवार को "विवेकानन्द स्पोर्टस मीट 2022-23" के द्वितीय दिवस म्यूजिकल चेयर जूनियर एवं सीनियर ग्रुप, स्पून रेस, मेंहन्दी प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गायत्री पीठ के अध्यक्ष देवेन्द्र चामड थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय अध्यक्ष अनंतराम आर्य ने की। विद्यार्थियों ने विद्यालय प्राँगण में आकर्षक रंगोली सजाईं। रंगोलियों से सजा प्राँगण ऐसा आभास दे रहा था जैसे किसी बड़े महोत्सव की तैयारी बच्चों ने की हो। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता के प्रथम ग्रुप में उन्नति शर्मा प्रथम, अभिजीत द्वितीय एवं रिद्धिमा तृतीय पर रही। द्वितीय ग्रुप में वेदिका प्रथम, मंयक द्वितीय एवं हिमांग तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रतियोगिता के तृतीय ग्रुप में तान्या शर्मा प्रथम, ईशांत द्वितीय व सिया वर्मा तृतीय स्थान पर रही। स्पून रेस में रमा लवानिया प्रथम, श्रुति सिंह द्वितीय व मधुसूदन शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। मेहन्दी प्रतियोगिता में लता सोनी व ललत प्रथम, रिमझिम द्वितीय व तृतीय स्थान पर पायल व चारूल रहीं।

सात्वंना पुरस्कार के लिए तनिशा को चुना गया। रंगोली प्रतियोगिता में झिलमिल व लता प्रथम, आस्था व खुशी तथा रिया व रूपाली द्वितीय, प्राची व अंशिका तथा मान्या व सृष्टि तृतीय स्थान पर रहे। सांत्वना पुरूस्कार के लिए आयुषी व अवनि तथा भूमिका व मोहनी को चुना गया।

पोस्टर प्रतियोगिता के जूनियर ग्रुप में मनस्वी व मेघांशी प्रथम, तान्या व इम्मी द्वितीय, दिव्यांशी व तान्या तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर ग्रुप में मेघा अग्रवाल प्रथम, दिविशा अग्रवाल द्वितीय, वर्षा तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालयाध्यक्ष अनंतराम आर्य ने अपने धन्यवाद भाषण में कहा कि छोटे-छोटे बच्चों की बाल प्रतिभा आष्चर्यजनक है, साथ ही कहा कि बच्चों ने जिस उत्साह से इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया है एवं जो उन्होंने प्रतिभा दिखलाई है। इससे साफ जाहिर होता है कि यदि बच्चों की शुरू से खेलों और कला के प्रति रूचि जागृत करें तो ये बच्चे बड़े होकर इन क्षेत्रों में राष्ट्र का नाम जरूर ऊँचा उठा सकते हैं। देवेन्द्र चामड ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों में स्पर्धा की भावना का जन्म होता है जो उनके उत्तरोत्तर विकास के लिये आवश्यक है।

उन्होंने उन अभिभावकों की भी सराहना की। जिन्होने अपने बच्चों को इन प्रतियोगिताओं के लिए प्रोत्साहित एवं तैयार किया। कार्यक्रम सयोंजिका ज्योति आर्य ने आज की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट संयोजन के लिए विद्यालय स्टॉफ को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन सत्यव्रत आर्य एवं ज्योति आर्य ने किया। प्रतियोगिता के तृतीय दिवस छोटे बच्चो की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं सभी वर्गो की नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

## वृद्धजनों का सम्मान 4 को

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। ब्राह्मण समाज हिंडौन सिटी की एक आवश्यक बैठक आज दिनांक 27 दिसंबर 2022 को ब्राह्मण समाज हिंडौन सिटी के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा के निज निवास पर आयोजित की गई ।

जिसकी अध्यक्षता ब्राह्मण समाज हिंडौन सिटी के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा द्वारा की गई। इस बैठक में नववर्ष स्नेह मिलन समारोह दिनांक 4 जनवरी को दोपहर 12 बजे पंडित चोखे पैराडाइज एवं रिसोर्ट झारेडा रोड हिंडौन सिटी मैं मनाने का निर्णय लिया गया ।

साथ ही पौष बड़ा कार्यक्रम एवं ब्राह्मण समाज हिंडौन सिटी द्वारा प्रतिमाह आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को वितरित की जाने वाली पेंशन राशि का भुगतान एवं ब्राह्मण समाज के 70 वर्ष से अधिक आयु वाले सम्माननीय बुजुर्गों महिला व पुरूष दोनो का अभिनंदन समारोह भी दिन आयोजित किया जावेगा।

इस दौरान बासुदेव शर्मा, मनजीत मुदगल, सुरेन्द्र तिवाड़ी, श्रीनिवास शर्मा, पुष्पेंद्र पाठक, फनेन्दर् शर्मा, पूरन लवानिया,बिष्णु शर्मा, राधव शर्मा, बासुदेव शमा सलाहकार आदि मौजूद रहे ।

# हादसे में मोटर साइकिल सवार की मौत



करौली में मोटरसाईकिल और ट्रैक्टर ट्रोली की भिड़ंत में घायल हुए व्यक्ति को उपचार के लिय अस्पातल में भर्ती कराया।

**करौली** (नि.स.) कैलादेवी मार्ग स्थित एनएच 23 पर गदका की चौकी के पास ट्रैक्टर ट्रॉली ने मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी। दुर्घटना में मोटरसाईकिल सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि एक अधेड़ घायल हो गया। मृतक का शव करौली अस्पताल मे लाया गया जहा चिकित्सको ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनो को सुपुर्द कर दिया जबकि घायल का उपचार चल रहा है। घटना के बाद करौली अस्पताल में ग्रामीणों की भीड़ लग गई। शांति और सुरक्षा के लिए सूचना पर पुलिस जाब्ता हॉस्पिटल में तैनात किया।

करौली सदर थाना अधिकारी कृपाल सिंह ने बताया कि नरेश पुत्र हरीवल्लभ चतुर्वेदी 42 निवासी गुनेसरी और चतुर्भुज पुत्र मुरारी लाल चतुर्वेदी 53 निवासी हजारीपुरा मोटरसाइकिल से प्रात 10:00 बजे के लगभग गंगापुर मोड की तरफ जा रहे थे। दोनों गंगापुर मोड़ स्थित पेट्रोल पंप पर सेल्समैन का काम करते हैं। इस दौरान करौली कैलादेवी मार्ग स्थित गदका की पुलिस चौकी पर सामने मोड़ की ओर से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाईकिल पर सवार उछलकर दूर जा गिरे। जिससे दोनों गंभीर घायल हो गए। घायलों को पुलिस द्वारा करौली अस्पताल पहुंचाया गया।

## वन अधिकारी निलंबित

**करौली** (नि.स.) करौली उप वन संरक्षक ने कार्यवाही करते हुए करौली के क्षेत्रीय वन अधिकारी को निलंबित कर मुख्यालय कार्यालय उप वन संरक्षक करौली के अधीन किया है।

करौली उपवन संरक्षक सुरेश मिश्रा ने बताया कि क्षेत्रीय वन अधिकारी करौली विक्रम सिंह मीणा के विरुद्ध प्राप्त शिकायत पत्र में वर्णित तथ्यों के आधार पर प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए क्षेत्रीय वन अधिकारी के विरुद्ध जांच विचाराधीन रखते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया ।

## 195 किलोग्राम पॉलिथीन जब्त

**करौली** (नि.स.)। करौली नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारियों ने कार्यवाही करते हुए मंगलवार को 14 संस्थानों से 195 किलोग्राम पॉलिथीन की थैलियां जप्त की। करौली नगर परिषद के आयुक्त नरसी मीणा ने बताया कि परिषद क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक बैन कार्यक्रम के तहत परिषद के सहायक नगर नियोजक नरेश कुमार बैंसला,कनिष्ठ अभियंता चेतन प्रकाश गर्ग तथा अन्य कर्मचारियों द्वारा शहर में कार्रवाई की।

# एबीवीपी और भाजयुमो ने मुख्यमंत्री का फूंका पुतला

**गंगापुर सिटी** । राजस्थान सरकार के द्वारा हाल ही अध्यापक सेकंड ग्रेड भर्ती का पेपर की परीक्षा का पेपर लीक होने के मामले में मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं का आक्र्रोश फूट पडा और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पुतला फूंका। पुतला दहन के बाद सभी कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम एसडीएम के रीडर को ज्ञापन सौंपा साथ ही कार्यकर्ताओं ने रीट के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार करने सीबीआई से मामले की जांच करवाने और इसका खुलासा शीघ्र करने की मांग की।

पेपर भर्ती लीक मामले का जमकर विरोध प्रदर्शन किया। मंगलवार दोपहर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नागेश लोढी और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक सीताराम गुर्जर के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता मिनी सचिवालय के बाहर एकत्रित हुए और अध्यापक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में जमकर नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही प्रश्न पत्र लिक मामले में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पुतला दहन कर आक्रोश जताया। एबीवीपी के जिला संयोजक सीताराम गुर्जर और भाजयुमो के जिला अध्यक्ष नागेश लोढी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश में जब भी प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है तो हर बार अशोक गहलोत की निकम्मी सरकार के कारण प्रश्नपत्र लीक हो जाते हैं। प्रदेश में जब से गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनी है तब से अब तक 16 बार परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हो चुके हैं।

सरकार युवाओं के साथ खेल खेल रही है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर मंत्री मनोज सैनी ने कहा कि विद्यार्थियों की लडाई के लिए एबीवीपी हमेशा आगे रही है और आगे रहेगी।

इस दौरान दर्शन सिंह गुर्जर, नगर मंत्री मनोज सैनी, सनी गुप्ता, तरुण सोनी अंकुश सैनी अभिषेक नितेश कुमार विकास मीणा अभिषेक सैनी विकास मीणा मोहित मीणा मोनू शर्मा कृष्णा सचिन अग्रवाल रवि बैरवा सहित कई मौजूद रहे।

## दिव्यांगजनों का सम्मान होगा

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। श्रीमती रुकमणी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में सोमवार को शहर की जाट की सराय स्थित स्टेडियम में दिव्यांग जनों का सम्मान समारोह आयोजित किया जावेगा ।

रुकमणी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के निदेशक कौशल चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांग जनों को सम्मान पूर्वक जीवन यापन करने एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से ट्रस्ट समर्पित भाव से काम कर रहा है। जिसके चलते आगामी 2 जनवरी सोमवार को शहर के जाट की सराय स्थित स्टेडियम में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिले भर के दिव्यांग जनों का सम्मान कर ट्रस्ट अपने आपको अभिभूत महसूस करेगा। उन्होंने बताया कि सम्मान समारोह के लिए दिव्यांगजन दूरभाष नंबर 98 874272 67 अथवा 70 14818 299 पर सूचना देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीकृत दिव्यांग जनों का ही समारोह में सम्मान किया जाएगा। उन्होंने सभी दिव्यांग जनों से शीघ्र अपना पंजीयन कराने की अपील की है। साथ ही उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रस्ट की ओर से शीघ्र ही श्री महावीरजी में दिव्यांग आश्रम संचालित किया जाएगा ।

# भरतपुर में एईएन पर हमले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग



नगर निगम के कर्मचारियों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर सुभाष गोयल ( ज्ञापन लेते बांए से पहले ) को ज्ञापन सौंप कर हमले के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की।

**भरतपुर** (निस)। नगर निगम के सहायक अभियंता राधेश्याम गुर्जर के साथ 21 दिसम्बर को किये गये जानलेवा हमले में पुलिस प्रशासन द्वारा अब तक कोई भी कार्यवाही नही किये जाने से नगर निगम कार्मिकों का मंगलवार को छटवें दिन भी कलमबंद आन्दोलन जारी रहा। समस्त विभागों के तकनीकी इंजीनियर संघ की संस्था इंजीनियर फोरम द्वारा भी अपना समर्थन दिया। फोरम की ओर से बड़ी संख्या में पीएचईडी, नगर सुधार न्यास, पीडब्लूडी, खनिज विभाग, जेवीवीएनएल, आरवीपीएन, एमईएस, जीपीसी, बीएसएनएल, डब्ल्यूआरडी, रीको, जीईसी एवं पंचायतीराज आदि विभागो के जेईएन, एईन एवं एक्सईएन ने आकर निगम के कर्मचारियों के साथ धरने में बैठकर दोषियों को गिरफ्तार करने हेतु धरने का समर्थन किया। जिसके बाद जिला कलक्टर को मुख्यमंत्री के नाम इस प्रकरण से अवगत कराते हुए संयुक्त ज्ञापन दिया गया। इसके साथ ही समस्त विभागों के तकनीकी अधिकारियों के द्वारा जब तक दोषियों को गिरफ्तार नही किया जाता तब तक सामुहिक अवकाश पर जाने का फैसला लिया तथा कार्यवाही न होने पर आगे अपने-अपने विभागों के कार्य का बहिष्कार किये जाने का निर्णय लिया। नगर निगम कार्मिकों द्वारा दोषियों की गिरफ्तारी नही होती तब तक निगम से जुडे हुए समस्त कार्य शहर की सफाई व्यवस्था, मृत शुओं को उठाने का कार्य एवं शहर के समस्त विकास कार्यो का बहिष्कार किये जाने का निर्णय लिया गया।

## हादसे में तीन लोग घायल

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। हिंडौन-सूरौठ मार्ग स्थित नेहरू बीएड कॉलेज के पास सोमवार दोपहर को कार व बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में 3 लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक को गंभीर हालात में जयपुर रेफर कर दिया। दुर्घटना में बाइक क्षतिठास्त हो गई। वहीं कार चालक नशे की हालत में पाया गया।

कोतवाली थाना के सहायक उपनिरीक्षक गोपाल लाल ने बताया कि घायलों में बाइक सवार क्यारदा निवासी नवीन पुत्र रूपसिंह, जटवाड़ा निवासी विश्वेंद्र पुत्र श्यामसिंह व कार चालक डेंप रोड निवासी पुरषोत्तम जागा पुत्र बांके बिहारी है। प्राथमिक उपचार के बाद नवीन को जयपुर रेफर किया गया है। इसी के साथ उनके परिजनों ने बताया कि नवीन सरकारी अध्यापक पद पर सपोटरा में कार्यरत है। पुलिस ने घायलों से मामले की जानकारी ली। जिसमें घायल नवीन व विश्वेंद्र ने बताया कि दोनों युवक बाइक से हिंडौन की ओर आ रहे थे। इस दौरान नेहरू बीएड कॉलेज के पास सामने से तेज गति में आ रही कार चालक ने ओवरटेक करते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

